**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 29.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **जयपुर में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने आदि महोत्सव शुभारंभ किया।**
- **मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर में यातायात दबाव कम करने के लिए प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।**
- **झुन्झुनू और टोंक में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इंनवेस्टर मीट का आयोजन–करीब चार हजार करोड़ रूपये के एमओयू हुए।**
- **राजस्थान समेत तीन राज्यों के वन क्षेत्रों को मिलाकर चीता कॉरिडोर बनाने को लेकर सवाईमाधोपुर में महत्वपूर्ण बैठक।**

000000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में आज से आदि महोत्सव शुरू हो गया है। 10 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ राज्यपाल हरिभाउ बागडे ने किया। उद्‌घाटन समारोह में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबू लाल खराड़ी, जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने आदिवासी परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया और कहा कि प्रकृति के पोषण से जुड़ी आदिवासी परंपराओं को आज समाज द्वारा अपनाये जाने की जरूरत है। उन्होंने आम जन से भी आह्‌वान किया कि वे जनजातीय शिक्षा से वंचित बच्चों के बारे में जानकारी दें और उनको शिक्षा प्रयासों में सहयोग करें। आदिवासी नायक बिरसा मुण्डा को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने आदिवासियों के अधिकारों के लिए लम्बा संघर्ष किया।

.......

गौरतलब है कि केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों को एक मंच प्रदान करना और उनकी कला और संस्कृति को संरक्षण देना है, जिससे उनका सामाजिक–आर्थिक विकास हो सके। महोत्सव मे 120 स्टॉल लगाये गये हैं, जिसमें 200 से अधिक जनजातीय कारिगरों ने अपने उत्पाद बेचने के लिए प्रदर्शित किये हैं। इसमे राजस्थान के अलावा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तथा पूर्वोत्तर राज्यों के जनजातीय करीगर और शिल्पकार भाग ले रहे हैं। इस महोत्सव में हर शाम जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर शहर में बढते यातायात भार के कारण होने वाली समस्या से आम जन को निजात दिलाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये हैं। श्री शर्मा ने आज मुख्यमंत्री कार्यालय में नगरीय विकास विभाग की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिये। उन्होंने  जयपुर कलेक्टेट सर्किल से गांधीनगर मोड तक बढ रहे यातयात के दबाव को दूर करने के लिए व्यापक रणनीति बनाने को भी कहा। श्री शर्मा ने जयपुर में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शहर के बुनियादी ढांचे को विश्व स्तरीय बनाने तथा शहरों में जनसुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि नगरीय विकास में नवीनतम तकनीक का उपयोग को बढावा दिया जाना चाहिए।

000

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज भुबनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्‌घाटन किया। तीन दिन के इस सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, एआई और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विचार किया जा रहा है। आतंकवाद से निपटने पर भी इसमें चर्चा होगी। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल और परसों इस सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

000

भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश ने परिवादियों को राहत देने के लिए नवाचार किया है। अब परिवादियों को अपनी समस्याओं को लेकर रेंज कार्यालय पर आने की आवश्यकता नहीं होगी। आईजी राहुल प्रकाश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों की पुलिस से संबंधित शिकायतें सुनेंगे और उनकी समस्याओं का तुरंत निदान करने का प्रयास करेंगे। यह सुविधा 1 दिसंबर से शुरू होगी।

000

प्रदेश में विमुक्त और घुमंतु समुदाय के लिए विशेष सहायता शिविर लगाये जा रहे हैं। पाली में नगर निगम की ओर से आयोजित शिविर में वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र, जाति पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र,राशन कार्ड बनाने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि शिविर में इन समुदायों के लोगों की मेडिकल टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच भी की जा रही है। इसी तरह का

शिविर सवाईमाधोपुर में भी आयोजित कियागया। सवाईमाधोपुर पंचायत समिति में लगे इस शिविर में घुमन्तु लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया।

000

झुंझुनूं के बगड़ में आज जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा, विधायक विक्रम सिंह जाखल और कलेक्टर रामावतार मीणा मौजूद रहे। इस मौके पर मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राइजनिंग राजस्थान से उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 71 इकाइयों से एमओयू कर 1440 करोड़ का निवेश करवाया जा रहा है। जिससे प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से 8000 व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। **टोंक** में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीट में जिला प्रभारी और उर्जा मंत्री हीरालाल नागर और जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मौजूद रहे। इसमें 82 एमओयू हुए, जिससे जिले में 2525 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और 7 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

000

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों को डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प देगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्र प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल कर सकेंगे।

000

सवाईमाधोपुर के रणथम्भौर में आज चीता संरक्षण परियोजना पर चर्चा के लिये महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चीतों का संवर्धन, प्रभावी मॉनिटरिंग तथा क्षेत्र में विकसित होने वाले कॉरिडोर को लेकर विचार किया गया। इस कॉरिडोर में राजस्थान सहित मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के वन क्षेत्रों को शामिल किये जाने की संभावना है। हमारे संवाददाता ने बताया कि बैठक में तीन राज्यों के 27 जिलों के वन अधिकारियों ने भाग लिया।

000

कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना के बांध में पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण झुंझुनूं शहर के अलावा खेतड़ी तथा मंडावा इलाकों में आने वाले दिनों में पानी सप्लाई बाधित रहेगी। पीएचईडी के अधिकारियों ने बताया कि डैम में सिर्फ 11 दिन का पानी ही बचा है। ऐसे में नियमित आपूर्ति किया जाना संभव नहीं है। इसलिए तीनों ही क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर पानी सप्लाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इनदिनों खेती का समय होने के कारण पंजाब से पानी कम मिल रहा है। इसी कारण तारानगर में भी पानी कम आ रहा है, जिसकी वजह से झुंझुनूं को भी पानी की आपूर्ति कम मिल रही है।

000

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में गिरावट से सर्दी बढ़ गई है। बाड़मेर और फलौदी को छोड़कर प्रदेश में रात का पारा 15 डिग्री से नीचे आ गया है। सबसे कम 6 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस तापमान सीकर के फतेहपुर में दर्ज किया गया। इसके अलावा 10 अन्य स्थानों पर भी रात में पारा दहाई अंक से नीचे दर्ज हुआ है। राजधानी जयपुर में भी आज न्यूनतम तापमान 12 दशमलव 2 डिग्री पर आ गया। मौसम विभाग ने आगामी 3–4 दिन मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में भी प्रदेश में ऐसा ही मौसम बने रहने के आसार हैं।

000

जयपुर में आज सक्षम अभियान के तहत महिलाओं को अधिकार देने के बारे में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 400 से अधिक अधिकारियों और कार्मिकों ने भाग लिया। महिला अधिकारिता विभाग की आयुक्त नीतू राजेश्वर ने इसकी अध्यक्षता की। कार्यशाला में महिलाओं को कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के बारे में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रतिनिधि रितेश नानगिया और प्रोफेसर मरियम इशरत बेग ने अपने विचार साझा किए।

000

झालावाड़ जिले में विटामिन–ए की कमी के कारण बच्चों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को रोकने के लिए महिला और बाल विकास विभाग ने आज से विटामिन–ए की खुराक पिलाने का अभियान शुरू किया गया है। एक महीने के इस अभियान के दौरान जिले के डेढ लाखा से ज्यादा बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। विटामिन–ए की कमी से बच्चों में रतौंधी, ड्राई स्किन, घाव भरने में देरी और शारीरिक विकास में बाधा जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

000

पाली जिले की रानी नगर पालिका में आज प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 तथा पी.एम.स्वनिधि योजना के तहत शिविर लगाया गया। इस शिविर में गरीब परिवारों को आवास उपलब्ध करवाने के साथ–साथ ग्रामीणों को स्वच्छ रसोई और अन्य सुविधाओं के साथ पक्का घर देने के लिए पंजीकरण किया गया। इस शिविर के माध्यम से विमुक्त और घुमंन्तु समुदाय के नागरिकों को भी लाभान्वित किया गया।

000